## महत्वपूर्ण एवं खास

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वाले 19 अधिकारियों-कर्मचारियों पर गिरी गाज, हुए सस्पेंड

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य में निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वाले 19 अधिकारियों-कर्मचारियों पर गाज गिरी है। बिलासपुर कलेक्टर पी. दयानंद ने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया है। बताया जा रहा है कि जिन अधिकारियों को सस्पेंड किया गया है वे निर्वाचन प्रशिक्षण में अनुपस्थित थे। जिन अधिकारियों-कर्मचारियों पर गाज गिरी उनमें क्रमशः विजय कुमार वर्मा प्राचार्य वर्ग 2, राम सिंह प्रधान पाठक, चंद्र कुमार आगरे मानचित्रकार लोक निर्माण, राय सिंह पैकरा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, तरु तिवारी सहा. प्रध्यापक, पीठासीन अधिकारी, अंबुकेश प्रसाद राय सहा प्रध्यापक पीठासीन अधिकारी, विवेक सिंह पोर्ते शिक्षक पंचायत, ललित कुमार भास्कर शिक्षक पंचायत, मनीष गुप्ता शिक्षक पंचायत, ए.पी. विश्वकर्मा सहा शिक्षक पंचायत, बलराम फ्लिमेन, कृष्ण कुमार पांडेय सहा विकास विस्तार अधिकारी, पुन्नूलाल राठौर शिक्षक पंचायत, अशोक कुमार शर्मा सहायक शिक्षक, ब्रजेश कुमार पैकरा सहा शिक्षक पंचायत, दुलेश कुमार यादव सहा शिक्षक पंचायत, कली सिंह मरावी सहा शिक्षक पंचायत, दीप कुमार साहा सहा विकास विस्तार अधिकारी एवं माया वासनिक सहा शिक्षक पंचायत शामिल है।

### 630 छात्र-छात्राओं को लगाया गया खसरा, रूबेला का टीका

महासमुंद (आरएनएस)। देव संस्कृति हायर सेकंडरी स्कूल में गुरुवार को कक्षा नर्सरी से दसवीं तक के 630 बच्चों को खसरा व रूबैला का टीका लगाया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी, राजकुमार गुप्ता और संदीप तामेकर, बिन्नी शर्मा, गीता चौहान, मनीषा ध्रुव का सहयोग रहा। प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी ने कहा कि खसरा और रूबैला एक जानलेवा बीमारी है और इसका टीका प्रत्येक 9 से 15 वर्ष के बच्चों को लगे इसका खयाल हम सब को रखना है। तभी यह टीकाकरण अभियान सफल हो पाएगा। इस अवसर पर नंदकुमार साहू, सनत कुमार गुप्ता, हेमंत कुमार साहू, कृष्ण कुमार साहू, अजय तांडी, दिनेश प्रताप सिंह, गोविंद श्रीवास, गरिमा साहू, लक्ष्मी, कामेश्वरी बाघ, अनिता पिल्लई, जयश्री श्रीवास्तव, पूजा यादव, योगिता महाकुर, अनिता पेंदरिया, जय कन्नौजे, किरण विश्वकर्मा, प्रिया यादव, जामुन साहू, भावना बैस, भावना केसरवानी, गौरी साहू, लक्ष्मी साहू, गायत्री साहू तथा पालक गण उपस्थित थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार साहू ने दी।

### प्लेटफार्म तैयार लेकिन सुविधाओं का अभाव

महासमुंद (आरएनएस)। रेलवे स्टेशन परिसर स्थित प्लेटफार्म-2 का निर्माण पूरा हुए करीब 4 माह बीत चुके पर अब तक इस प्लेटफार्म में यात्रियों के लिए कई सुविधाएं अब तक पूरी नहीं हो पाई है जिससे यात्रियों को 2 की जगह 1 में बैठना पड़ रहा है। प्लेटफार्म दो में शेड और बिजली का काम पूरा कर लिया गया है लेकिन अब तक यहां यात्रियों के लिए पंखा नहीं लगाया गया है वहीं कुर्सियां भी अस्त-व्यस्त रखी हुई हैं। इसके अलावा ट्रेन के इंतजार में यात्रियों के लिए मोबाइल चार्जिंग के लिए प्लक बोर्ड का अभाव है। इन सुविधाओं के अभाव में यात्री प्लेटफार्म 2 में बैठने के बजाय प्लेटफार्म एक में बैठना बेहतर समझते हैं। यात्रियों की सुविधाओं को लेकर रेलवे प्रबंधन का रवैया उदासीन दिखाई दे रहा है जिसका खामियाजा यात्रियों को उठाना पड़ रहा है। इधर, रेलवे स्टेशन परिसर में यात्रियों की पानी की सुविधा के लिए प्याऊ काउंटर तो बनाए गए हैं पर काउंटर में नियमित रूप से पानी की सप्लाई न होने से यात्री परेशान रहते हैं।

# लोकतंत्र की ताकत क्या होती है, बस्तर के लोगों ने साबित कर दिया-मोदी

## कहा-भारी मतदान करके हिंसा करने वालों को करारी चोट दी है

रायपुर (आरएनएस)। हिन्दुस्तान में लोकतंत्र की ताकत क्या होती है इसे छत्तीसगढ़ के बस्तर के जंगली इलाको में रहने वाले आदिवासियों ने सिद्ध कर दिया है। यहां के लोगों ने मतदान करके हिंसा के रास्ते चलने वाले लोगों को करारी चोट दी है। जिस तरह से बस्तर के लोगों ने साहस, उमंग व उत्साह के साथ पहले चरण के चुनाव में बढ़-चढ़कर वोट डाले है उसे देखकर मैं गर्व अनुभव करता हूं। लोकतंत्र के प्रति यहां के लोगों की आस्था को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उक्त बातें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के जिला अंबिकापुर में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहीं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि अंबिकापुर आने का सौभाग्य उन्हें दूसरी बार मिला है। इससे पहले वे लोकसभा चुनाव के दौरान आया था। श्री मोदी ने कहा कि उस समय मेरी सभा के लिए यहां के कलाकारों द्वारा लाल



किला बनाया था जो यहां की जनता के भाव का प्रतीक था। उस मंच पर मैंने यहां भाषण दिया था। मैंने भाषण अंबिकापुर में दिया था लेकिन नींद दिल्ली वालों की हराम हो गई थी। मैं हैरान था कि जितनी अंबिकापुर में मेरी सभा की चर्चा हुई उतनी चर्चा कभी मेरी कोई सभा की नहीं हुई। दिल्ली वालों की परेशानी यहीं थी एक पिछड़े इलाके जहां आदिवासी भाई रहते है ऐसे इलाके में कोई लाल किले का प्रतीक कैस बना सकता है। इस बात पर उनका गुस्सा अभी तक उतरा नही, वह यहां की जनता पर उतरेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को सजा देने का मौका आया हैं। जिन लोगों ने अंबिकापुर को बदनाम किया उसका हिसाब मांगेगे। उन्हें चुन-चुन कर घर भेजेंगें। उन्होंने कहा कि राजदरबारियों को एक ही गीत गाने का शौक लग गया है उन्हें अंबिकापुर और छग के लोग ही गहरी चोट पहुंचा सकते है।

प्रधानमंत्री ने पहले चरण में बस्तर संभाग की 12 सीटों पर भारी मतदान पर खुशी जताते हुए कहा कि पहले राउंड चुनाव के समय मैं यहां आया था और देखा कि किस प्रकार से प्रथम चरण के मतदान को लेकर लोगों में उमंग, उत्साह एवं विकास के लिए वोट देने का संकल्प प्रथ है। एक तरफ बम, बंदूक का भय दिखाया जा रहा था, लोगों को मौत के घाट उतारने का निर्लज प्रयास हो रहा था। लेकिन हिन्दुस्तान के गली-गलीयारों में लोकतंत्र के प्रति आस्था कितनी गहरी है लोकतंत्र ही जनता की समस्या का समाधान करने का उत्तम से उत्तम रास्ता है। यह बस्तर में हुए मतदान ने बता दिया है। श्री मोदी ने कहा कि आज छग की धरती पर यहां आया हूं तो सबसे पहले लोकतंत्र के प्रति यहां की जनता की श्रद्धा का धन्यवाद देने।


उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की ताकत को बस्तर के जंगल रहने वालों ने सिद्ध कर दिया है। हिंसा के रास्ते जनता के अधिकारों को दबोचने वालों को करारी चोट दीं है। इसके लिए मैं उन्हें बहुत-बहुत बधाई देता है और मैं गर्व अनुभव करता हूं कि लोकतंत्र के प्रति यहां के नागरिकों की आस्था को।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले चरण में बस्तर में हुआ मतदान बहुत बड़ी प्रेरणा है।

## राज्य की जनता को भाजपा सरकार दे रही लगातार झटके : शेरगिल

### तेलंगाना को 4 रूपए में और राज्य की जनता को 5.50 से 7.50 रूपए प्रति यूनिट में बिजली दे रही भाजपा सरकार

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ एकलौता ऐसा राज्य है, जहां उपभोक्ताओं को बिना बिजली मीटर लगे ही बिल थमा दिया जाता है। राज्य की रमन सरकार बिजली दरों में बेतहाशा वृद्धि कर राज्य की जनता को लगातार झटका देते आई है।



उक्त बातें आज कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आयोजित एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता जयवीर शेरगिल ने कही। श्री शेरगिल ने आगे कहा कि राज्य की भाजपा सरकार ने सबसे पहले विद्युत विभाग को माध्यम बनाकर राज्य की पूरी जनता को तगड़ा झटका दिया। अलग-अलग कंपनियां बनाकर और इसमें सलाहकार और अन्य पदों पर अपने चहेतों को बिठाकर इसका खर्चा राज्य की जनता से बिजली बिल के माध्यम से वसूलना शुरू किया। इसके बाद साल दर साल बिजली के दामों में वृद्धि कर लगातार झटका देना शुरू किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2007-08 और वर्ष 2018 के विद्युत दरों की तुलना करने पर पता चलता है कि घरेलू उपभोक्ताओं को 300 प्रतिशत अधिक की दर से बिजली बिल का भुगतान करना पड़ रहा है। जबकि राज्य की भाजपा सरकार दंभ भरती है कि छत्तीसगढ़ विद्युत उत्पादन के मामले में सरप्लस राज्य है, यदि ऐसा है तो यहां की जनता को अधिक कीमत पर बिजली क्यों लेनी पड़ रही है? इस बात का जवाब राज्य सरकार को प्रदेश की जनता को बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां तो आम उपभोक्ताओं को बिना मीटर के ही बिजली बिल थमा दिया जाता है।

## एक और जवान ने की आत्म हत्या, कारणों का खुलासा नहीं

बीजापुर (आरएनएस)। जिला मुख्यालय में स्थित सीआरपीएफ168 बटालियन के जवान ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली है, जवान ने किस कारण यह कदम उठाने के लिए मजबूर हुआ इस बात का खुलासा अभी हो ना बाकी है।

बस्तर में तैनात सुरक्षा बलों के जवान लगातार आत्म हत्या करते आ रहे है, क्यों जवान मौत को गले लगाने पर उतारू हैं इस बात को कोई जानना नही चाह रहा है या जानना नही चाहते। बीजापुर जिला मुख्यालय के जेल बाड़ा में स्थित सीआरपीएफ



168 बटालियन के हेड क्वार्टर में पदस्थ जवान सुरजीत चन्द्र राय ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली है, इस बात की पुष्टि बटालियन के कमांडेंट विनय चौधरी ने कर दी है किंतु जवान ने किन कारणों से यह कदम उठाया है इसका जवाब फिलहाल किसी के पास नही है। बस्तर में तैनात सुरक्षा बलों के जवान हमेशा मानसिक रूप से परेशान रहते है या अपने उच्च अधिकारी के प्रताड़ना से भी परेशान रहने के लिए मजबूर होते हैं । इन परिस्थितियों के कारण ही बस्तर में लगातार जवानों द्वारा इस तरह का कदम उठाया जा रहा है ।

अब भी यदि जवानों की मनः स्थिति को समझने की जरूरत है अन्यथा इस तरह की घटनाओं को रोक पाना सम्भव नही होगा।

### सात दिसंबर तक प्रतिबंधित रहेंगे एक्जिट पोल

कोरबा (आरएनएस)। विधानसभा चुनावों के मद्देनजर 12 नवंबर 2018 पूर्वान्ह 7 बजे से 07 दिसंबर 2018 सायं 5.30 बजे तक चुनावों के संबंध में किसी भी प्रकार के एक्जिट पोल का संचालन तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया द्वारा इसके परिणामों के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसके प्रसार पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। तत्संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 09 नवंबर 2018 को अधिसूचना जारी कर उक्त प्रतिबंध लगाया गया है, जारी अधिसूचना के अनुसार छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान, मिजोरम एवं तेलंगाना की विधानसभाओं के वर्तमान साधारण निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एक्जिट पोल का संचालन करने तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसके प्रसार पर प्रतिबंध रहेगा। इसके अतिरिक्त यह भी स्पष्ट किया गया है कि उपयुक्त साधारण निर्वाचनों के संबंध में प्रत्येक चरण में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घंटे के दौरान किसी भी इलेक्ट्रानिक मीडिया में किसी भी ओपीनियन पोल या अन्य किसी मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध होगा।

### स्टेट बैंक ऑफइंडिया के अधिकारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



धमतरी (आरएनएस)। भारतीय स्टेट बैंक मुख्य कार्यालय में परिवीक्षा अधिकारी के रूप में पदस्थ कानपुर निवासी राजीव यादव ने पंचवटी कॉलोनी के सामने अपने किराए के मकान में पंखे में फ़ांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस शव पंचनामा कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार कानपुर निवासी राजीव यादव पिता शिव करण यादव 26 वर्ष धमतरी के भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा में परिवीक्षा अधिकारी के पद पर पदस्थ था। अपने किराए के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

बैंक के मुख्य प्रबंधक एमएम प्रसाद ने बताया कि राजीव उनके शाखा में जून माह से परिवीक्षा अधिकारी के रूप में पदस्थ थे। 1 साल की ट्रेनिंग उनकी पूरी हो गई थी और 1 साल बाकी था । 2 साल पूर्ण होने के बाद बैंक द्वारा स्क्रीनिंग टेस्ट किया जाता है। उसके बाद फिर पोस्टिंग दी जाती है परसों वह बैंक आए थे लेकिन कल नहीं पहुंचे थे। बैंक में उनका व्यवहार शांत स्वभाव का रहता था और वे अपने काम में व्यस्त रहते थे। आज सुबह उन्हें इस घटना की जानकारी मिली है। परिजनों को खबर कर दी गई है।

इस संबंध में विवेचक सब इंस्पेक्टर बीआर सिन्हा ने बताया कि राजीव यादव पंखे में प्लास्टिक की रस्सी से आत्महत्या कर ली है। रात में उन्हें सूचना मिली थी रात होने की वजह से मुख्य गेट में ताला लगाकर चले गए थे।

### बिना अनुमति बैनर झण्डा लगाने पर रिपोर्ट दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। बिना अनुमति एक पार्टी की बैनर झंडा लगाने की रिपोर्ट युवक ने तेलीबांधा थाने में दर्ज कराई है। युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 3 छ.ग.स.वि.नि.अ.के तहत मामला दर्ज कर लिया है। हेमेश देवांगन 27 वर्ष पिता विरेन्द्र देवांगन निवासी कार्यपालीक मजिस्टेट रायपुर ने तेलीबांधा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि श्याम नगर संजय कुमार निहाल के दुकान/घर के आस पास स्थानो पर बिना अनुमति अनाधिकृत रूप से किसी ने बीजेपी पार्टी का प्रचार हेतु झण्डा बेनर लगाया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध सदर कायम किया गया है।

### विपरीत साईड वाहन चलाने मना करने पर सिर फोड़ा

रायपुर (आरएनएस)। युवक को विपरित दिशा में वाहन नहीं चलाने की बात कहने पर अधेड़ की सीर फोड़कर फरार हो गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर एक्टीवा चालक युवक के खिलाफ गंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कर धारा 294,506,323 के तहत मामला दर्ज किया गया है। राकेश गुप्ता 54 वर्ष पिता स्व. छगनलाल गुप्ता रमन मंदिर वार्ड फाफ डीह गंज निवासी ने रिपोर्ट दर्ज लिखवाई है कि फाफाडीह पटेल होटल के पास एक्टीवा क्रमांक सीजी 04-एमजी/8925 का चालक को रांग साइड चलने से मना करने पर किसी चीज से सीर पर जोर दार प्रहार कर दिया।

## जिम ना जाने वाले लोग ऐसे घटाएं अपना वजन...



वजन को कम करने के लिए लोग एक्सरसाइज और जिम में पसीना बहाने को ही बेहतर विकल्प मानते हैं लेकिन कुछ लोगों के पास इतना समय नहीं कि वह जिम जा सकें या कुछ लोग हैल्थ प्रॉब्लम्स के चलते जिम में लंबा समय तक एक्सरसाइज नहीं कर पाते। ऐसे लोगों के लिए हम गजब के टिप्स लाए हैं। बस आपको अपनी डाइट सही करनी है, चलिए, आज हम बताते हैं कि जिम ना जाने वाले लोग कैसे वजन को तेजी से कम कर सकते हैं।

**भरपूर पानी-** सबसे पहले तो अपनी दिनचर्या में पानी को महत्व दें। खूब सारा पानी पीएं। आप सादे पानी के साथ गुनगुने पानी में शहद, नींबू पानी, पुदीना पानी का सेवन भी करें क्योंकि यह विषैले तत्वों को जल्दी बाहर निकालने में मददगार है जिससे वजन भी तेजी से कम होता है। कम से कम 10 से 15 गिलास पानी जरूर पीएं।

**हरी सब्जियां खाएं-** हरी सब्जियों का सेवन करें इसमें विटामिन और मिनरल जैसे तत्व भरपूर होते हैं। शरीर के लिए यह बहुत फायदे होते हैं क्योंकि पानी से भरपूर यह सब्जियां तेजी से वजन घटाती हैं। खीरे व पत्तागोभी का सेवन करें।

**सुबह-सुबह खाएं कच्चा लहसुन -** रोजाना लहसुन की दो-तीन कलियां चबाना आपके लिए काफी फायदेमंद होता है। इससे वजन तेजी से कम तो होता ही है साथ ही रक्त प्रवाह सही होता है और एसिडिटी की परेशानी भी नहीं होती।

## गूगल ने बनाया अरसीबो संदेश का डूडल




सर्च इंजन गूगल ने शुक्रवार को अरसीबो संदेश का डूडल बनाया है। साल 1974 में वैज्ञानिकों ने तीन मिनट लंबा इंटरस्टेलर रेडियो संदेश अरसीबो संदेश भेजा था और 44 साल बाद इसी उपलब्धि के सम्मान में डूडल बनाया गया है। अरसीबो संदेश 1974 का इंटरस्टेलर रेडियो संदेश है जो मानवता और पृथ्वी के बारे में मूलभूत जानकारी लेता है, जो पृथ्वी या उसके वायुमंडल से बाहर खुफिया जानकारी को समझने की उम्मीद में 25,000 प्रकाश वर्ष दूर ग्लोबुलर स्टार 'क्लस्टर एम 13' को भेजा गया।

यह रेडियो संदेश प्यूर्टे रिको के अरसीबो वेधशाला से भेजा गया था। कॉर्नेल विश्वविद्यालय के खगोलविद् और खगोल भौतिक विज्ञानी फ्रैंक ड्रेक ने अमेरिकी खगोलविद् कार्ल सागन की मदद से संदेश लिखा था।

## विद्या बालन के पति का किरदार निभाएंगे संजय कपूर



बॉलीवुड अभिनेता संजय कपूर सिल्वर स्क्रीन पर विद्या बालन के पति के किरदार में नजर आयेंगे। बॉलीवुड फिल्मकार आर बाल्की फिल्म मिशन मंगल बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म में भारत द्वारा पहली बार में सफलता से छोड़े गए मंगल उपग्रह के बारे में बताया जाएगा। इस फिल्म में अक्षय कुमार, विद्या बालन, तापसी पन्नू, सोनाक्षी सिन्हा महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में विद्या बालन के पति के रूप में संजय कपूर नजर आएंगे।

संजय कपूर ने कहा है कि वह पहली बार परदे पर विद्या बालन के पति बनने जा रहे हैं। इस फिल्म में वह अक्षय कुमार के साथ भी नजर आएंगे। उन्होंने बताया कि वह अक्षय कुमार के साथ भी एक खास रिश्ता रखते हैं क्योंकि दोनों एक ही डांसिंग क्लास में जाते थे। फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होगी जिसे लेकर सभी बहुत उत्साहित है।

## कार्तिक के साथ डेटिंग और रणबीर से शादी करना चाहती हैं सारा

बॉलिवुड में इस समय काफी सारे स्टारकिड्स हैं लेकिन आजकल जो सबसे ज्यादा चर्चा में हैं वह हैं सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी सारा अली खान। हाल में सारा अली खान अपने पिता सैफ अली खान के साथ करण जौहर के मशहूर चैट शो कॉफी विद करण में पहुंचीं। इस चैट शो में सारा ने काफी दिलचस्प बातें बताई जो आप नहीं जानते होंगे।

शो में जब सारा से यह पूछा गया कि वह किससे बॉलिवुड ऐक्टर को डेट करना चाहती हैं और किस ऐक्टर से शादी करना चाहती हैं तो इस पर सारा का जवाब भी काफी दिलचस्प था। उन्होंने तुरंत जवाब दिया कि अगर अभी उनसे पूछा जाए तो वह बॉलिवुड की नई सनसनी कार्तिक आर्यन को डेट करना चाहेंगी। हालांकि शादी के सवाल पर सारा ने अलग जवाब दिया। सारा ने कहा कि अगर उनसे शादी के बारे में पूछा जाए तो वह रणबीर कपूर से शादी करना चाहेंगी।

बता दें कि सारा अली खान, सुशांत सिंह राजपूत के ऑपोजिट फिल्म केदारनाथ से बॉलिवुड डेब्यू करने जा रही हैं। यह फिल्म 7 दिसंबर को रिलीज होने जा रही है। इसके अलावा सारा अगले साल रिलीज होने जा रही फिल्म सिंबा में भी नजर आएंगी जिसमें उनके ऑपोजिट रणवीर सिंह नजर आएंगे।